## खबर संक्षेप

### किशोर न्याय बोर्ड में संस्कारों की पाठशाला का शुभारंभ

छिंदवाड़ा। मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा आपराधिक गतिविधि में संलिप्त विधि विवादित बालकों से समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रोटरी क्लब NGO के सहयोग से किशोर न्यार्थ बोर्ड परिसर में संस्कारों की पाठशालाः का भव्य शुभारंभ मान. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मान. जिला न्यायाधीश पॉक्सो श्रीमती तृप्ती पाण्डेय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सुश्री अंजली शाह, मान. सदस्य नवनीत ब्यास, किरणलता चौपडे, जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश शिवहरे सहा अभियोजन अधिकारी पाल, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अतिशय और बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर नागेश, रोटरी क्लब प्राईड अध्यक्ष अंजली नायक, सचिव अनीता बत्रा, सदस्यगण नूपुर अग्रवाल, शुचिता राठी, गरिमा लालवानी, मिनाक्षी शर्मा उपस्थित रहे।

### कमलनाथ व नकुलनाथ ने गहन किया दुख व्यक्त

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी श्रीमती मंजू बैस एवं युवक कांग्रेस के नेता पिंचू बैस के पिता नीरज सिंह बैस के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया है। पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि नीरज सिंह बैस जी के निधन का समाचार बेहद दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि नीरज सिंह बैस ने सेना में रहते हुए देश सेवा की। सेवानिवृत्त होकर जनसरोकार के कार्यों से जुड़े रहें। उनका अकस्मात निधन दुखद है। ईश्वर शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें साथ ही दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जिला कांग्रेस परिवार की ओर से नीरज सिंह बैस के निधन पर गहन दुख व्यक्त किया।

### मानसून की दस्तक से ही ग्रामों में जलभराव की स्थिति हो रही निर्मित

# बारिश के कारण निचली बस्तियों में लोगों का जनजीवन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

बारिश के कारण निचली बस्तियों में पानी भरने से समस्या शुरू शुरू हो गई है। इस समस्या ने इन बस्तियों में लोगों को परेशानी में डाल दिया है। हालात यह है कि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से ज्यादा बारिश में पानी घरों में भी भर सकता है। पानी भरने से जहां आने जाने में परेशानी हो रही है इसी तरह झील मोहल्ले में हर बारिश में पानी भरने की समस्या बनी हुई है। पानी भरने के बाद यहां के लोगों को जहरीले कीड़े मकोड़े का भय बना रहता है। ऐसे में जहरीले कीड़ों की चपेट में आने से मौत हो सकती है। ऐसे शहर में एक नहीं बल्कि दर्जन भर स्थान है। जहां इस तरह की परेशानी से लोगों को जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब हो कि हर वर्ष बारिश के मौसम के समय ग्रामीण क्षेत्रों में ये हालात निर्मित होजाते है। अनेकों बार ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में मामला डाल चुके है। लेकिन इसके बावजूद भी हालात जस के तस है। इधर बारिश के पहले नाले नालियों की साफ सफाई नहीं की गई है। शहर की नालियां और नाले गंदगी से बजबजा रहे है। इस बार नाला गैंग ने नालों की साफ सफाई नहीं की है। ऐसे में नालों में बाढ़ आने से घरों में कचरे के साथ पानी घुसने की समस्या बनी हुई है। अब देखना होगा कि अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर कब अपना ध्यान आकर्षित करता है या हमेशा की तरह ये मामाने को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।



### जिले में अभी तक 144.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 144.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 146.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 28 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 5.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 28 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 02, मोहखेड़ में 01, तामिया में 07, अमरवाड़ा में 25, चौरई में 02, हर्रई में 18.4, परासिया में 0.2, जुन्नारदेव में 5.4 और चांद में 1.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 133.4, मोहखेड़ में 189.5, तामिया में 102, अमरवाड़ा में 211, चौरई में 119.8, हर्रई में 155.2, बिछुआ में 99.6, परासिया में 94.4, जुन्नारदेव में 116.4, चांद में 147.5 और उमरेठ में 221.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### किसान बारिश के इंतजार में, दो दिनों से नहीं हुई बारिश

शहर सहित जिले भर में किसान तेज बारिश की राह देख रहा है। बीते दो दिनों से बारिश न होने से किसान चिंतित है। किसानों ने बोवनी कर दी है। ऐसे में खेतों को अमृत रूपी बारिश का इंतजार है। बीते दो दिनों से बारिश न होने से उमस भी बढ़ गई है। दो दिन पूर्व बारिश हुई थी इसके बाद दो दिनों से सूखा है। आगामी दिनों में बारिश के आसार बन रहे है। अगर बारिश होती है तो ये किसानों के लिए राहत भरी होगी। किसानों की फसल खेतों में लग गई है। मिली जानकारी के अनुसार पिछली वर्ष की तुलना में अभी तक कम बारिश दर्ज की गई है। एक जून से अभी तक सबसे अधिक बारिश उमरेठ और सबसे कम बारिश परासिया क्षेत्र में हुई है।



## मालिक कमलेश सातपुते और नौकर पंकज डेहरिया चोरी के आरोप में गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजःछिंदवाड़ा।** पुलिस ने जेल तिराहा स्थित यश लावर शॉप में हुई चोरी के आरोपियों पकड़ने में सफलता हासिल की है। कर्मचारी मौजूदा मालिक के कहने पर चोरी की थी। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से करीब 70 हजार रुपए का मशरूका बरामद किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी भूषणवाड़ी, सुभाष कॉलोनी निवासी रजनीश कश्यप उम्र 47 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 10 जून की रात 9 बजे से 11 जून की सुबह 7 बजे के बीच उसकी यश फ्लॉवर नामक दुकान से सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी हो गए। इस पर कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की गई। टीआई आशीष कुमार धुर्वे के निर्देशन में टीम ने क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान फुटेज में एक व्यक्ति की पहचान पंकज डेहरिया के रूप में की गई।

**मालिक के इशारे पर दिया चोरी को अंजाम :** पूछताछ में पकज ने बताया कि उसने ये चोरी अपने मालिक कमलेश सातपुते के कहने पर की थी, क्योंकि यश फ्लॉवर शॉप के मालिक रजनीश कश्यप और कमलेश के बीच लंबे समय से बातचीत बंद थी। कमलेश के निर्देश पर पंकज ने रात में यश फ्लावर दुकान से सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर, राउटर, केबल और एक्टिवा वाहन के माध्यम से चोरी की।

**सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद :** टीआई आशीष कुमार धुर्वे के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान फुटेज में एक व्यक्ति की पहचान पंकज डेहरिया के रूप में हुई। पंकज से पूछताछ में सामने आया कि वो कमलेश सातपुते की दुकान मनोहर लावर में काम करता था। इस मामले में पंकज डेहरिया उम्र 38 साल चंदनगांव और कमलेश सातपुते उम्र 31 साल नोनिया करबल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म करना स्वीकार कर लिया है।

### बिजली की आंख मिचौली से त्रस्त्र हो गई आम जनता एवं व्यापारीगण

दमुआ। म.प्र. पू. क्षे. वि.वि. केन्द्र दमुआ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग आये दिन बिजली की आंख मिचौली से काफी परेशान हो गये है कभी भी बिजली की आपूर्ति सप्लाई को ठप्प कर दिया जाता है। जिसके कारण लोगो का व्यापार काफी हद तक प्रभावित हो रहा है। मेंटेनेस के नाम आये दिन घंटो बिजली बंद रखी जाती है जबकि ज्ञात हो विभाग द्वारा गर्मी के मौसम मे ही विद्युत लाईन का मेंटेनेन्स का कार्य कर लिया जाता है तथा मेटेनेन्स के नाम राशि का भुगतान भी कर दिया जाता है अब बारिश मे इनके द्वारा क्या मेटेनेन्स किया जाता है आम जनता की समझ से परे है। सत्ता एवं विपक्ष के जनप्रतिनिधि बिजली की आये दिन हो रही आंख मिचौली की समस्या के प्रति मौन साधे बैठे है इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इन्हे आम जनता की समस्या से कोई लेना देना ही नही है।

## वार्ड नंबर 16 के कुएं में मिला युवक हेमंत का शव



हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया

परासिया वार्ड 12 में रहने वाले 35 वर्षीय हेमंत ओरेहा का शव वार्ड 16 महाराष्ट्र बैंक के पीछे में स्थित कुएं में उतरता हुआ मिला। जिसे पुलिस की मौजूदगी में नगर पालिका के कर्मचारियों ने बाहर निकाला। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक हेमंत ओरेहा गुरुवार की शाम घर से निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा तो घर वालों ने शुक्रवार को परासिया में गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने कुएं में शव उतराता देखा। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुएं से कुछ दूर ही पर मृतक की स्कूटी भी खड़ी पाई गई। मृतक के पिता और भाई ने शव की पहचान की। मृतक हेमंत ग्रेजुएशन करने के बाद काम्पटीशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था।

## हाईकोर्ट में देना होगा एफडी मामले पर जवाब

### संबधित पक्ष को जारी हुआ नोटिस




हरिभूमि न्यूज ⏩ परासिया

नगर पालिका परासिया के अध्यक्ष द्वारा 3 करोड़ की एफ डी तुड़वाने पर गलत अब अध्यक्ष सहित संबंधित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को उच्च न्यायालय में जवाब देना होगा। इस मामले में नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए प्रिंसिपल सेक्रेटरी ऐडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट बल्लभ भवन भोपाल, कमिश्नर जबलपुर, कलेक्टर छिन्दवाड़ा, एसडीएम परासिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी परासिया और नपाध्यक्ष नगरपालिका परासिया को नोटिस जारी कर 3 जुलाई तक जवाब मांगा है। गौरतलब है, कि नगर पालिका परासिया के द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक परासिया में 3 करोड़ की एफडी कराई गई थी जिसे बाद में आई सी आई सी आई बैंक में ट्रांसफर किया गया, जो, कि अनब्रेकेबल थी। जिसे नपा अध्यक्ष के द्वारा एक ठेकेदार को भुगतान करने के लिए तो वहां आया गया जिससे नपा को 22 लख रुपए की आर्थिक क्षति पहुंची इस मामले में नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने लगातार इसकी शिकायत कलेक्टर, एसडीएम और मुख्य नगरपालिका अधिकारी को थी। जिसके बाद कलेक्टर ने दिनांक 30 जनवरी 25 को तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई जिसमें, परासिया एसडीएम को जांच का प्रमुख बनाया। वहीं दो अन्य अधिकारी को सदस्य बनाया। जिन्हें 5 फरवरी को नपा में उपस्थित होकर एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने लगातार आवेदन देकर जांच क्या कार्यवाही की जानकारी चाहा मगर वह नहीं मिली। जांच में लीपापोती और हीलाहवाली की आंशका को देखते हुए और जांच समिति के 5 माह बीत जाने पर भी कोई कार्यवाही न होता देख नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने उच्च न्यायालय में अपील कर, समूची जानकारी से अवगत कराया। जिस पर न्यायालय ने अपील को स्वीकार करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करते हुए 3 जुलाई 2025 तक जवाब प्रस्तुत करने को कहा है।

## 213 मरीजों को मिला मानसिक स्वास्थ्य उपचार

### मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

कलेक्टर अजय देव शर्मा के दिशा-निर्देशन में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विकासखंड पांढुर्णा के चार शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क मनोचिकित्सकीय साप्ताहिक ओ.पी.डी संचालित की जा रही हैं। विगत मई माह से शुरू हुए मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर में संस्था के मनोचिकित्सक ने मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ति 213 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी। शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिगांव में संस्था के मनोचिकित्सक डॉ.शाकिब सैयद ने मानसिक विकारों जैसे तनाव, अवसाद, चिंता, नींद न आना आदि समस्याओं से ग्रस्त 69 मरीजों की जांच कर दवाइयां दी।

संस्था निदेशक श्री विजय धवले ने बताया कि संस्था द्वारा पांढुर्णा विकासखंड में लोगों में बढ़ती हुई मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को देखकर नालम सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित करने की पहल की है। पहले मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार नहीं मिलने के कारण मरीजों को परेशानी होती थी। संस्था द्वारा विकासखंड के ग्राम कौड़िया के उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह के पहले शनिवार, ग्राम सिवनी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह के दूसरे शनिवार, ग्राम नांदनवाडी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह तीसरे शनिवार और ग्राम तिगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिमाह चौथे शनिवार को निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें संस्था के मनोचिकित्सक डॉ.शाकिब सैयद अपनी सेवाएं देते हैं। संस्था के परामर्शदाता मरीजों और उनके परिजनों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से संबंधित परामर्श देते हैं। शिविर में मरीजों को निःशुल्क परामर्श, दवाइयां तथा जीवनशैली में सुधार के लिए जानकारी दी जाती हैं।

## नकुलनाथ व कमलनाथ ने दी नवीन सड़कों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में सड़कों का प्रमुख योगदान होता है और सड़कों के निर्माण से पूंजी बनती है, क्योंकि आवागन जितना सुगम होगा, उतनी ही तेजी से व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा मिलता है। इसे दृष्टिगत रखते हुये पूर्व सीएम श्री कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा में सर्वाधिक सड़कों का निर्माण कराया और वे मंचों से अक्सर अपने उदबोधनों में कहते हैं कि पूंजी से सड़कें नहीं बनती बल्कि सड़कों से पूंजी बनती है।

छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले अंतर्गत आने वाले ग्रामों को ब्लॉक अथवा जिला मुख्यालय से जोड़ने हेतु जिले के पूर्व सांसद श्री नकुलनाथ एवं पूर्व सीएम श्री कमलनाथ के प्रयत्नों से सड़कों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। उक्त उदगार जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से तामिया ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री अघ्घन शाह ने व्यक्त किए हैं।

श्री अघ्घन शाह ने जारी बयान में आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद श्री नकुलनाथ के अथक प्रयास रंग लाए। माननीय नकुलनाथ जी ने अपने कार्यकाल में सड़कों के निर्माण हेतु बजट उपलब्ध कराने सतत प्रयास किए। वर्ष 2024 में कमलनाथ एवं नकुलनाथ के द्वारा ही सर्वप्रथम सिंगोड़ी से हिवरखेड़ी, मानेगांव, पिपरियागुमानी, अकलमा, खुर्सीपार मार्ग जिसकी लम्बाई 28 किमी है।

लोटिया से अनखावाड़ी, चाखला से बम्हनी मार्ग की लम्बाई 18 किमी के निर्माण के लिए सतत प्रयास किए जिसके उपरांत ही वर्ष 2024 में बजट में उक्त सड़कों का प्रावधान किया गया था। 100 करोड़ से बनने वाली उक्त सड़कों के निर्माण से सैकड़ों ग्रामों का ब्लॉक व जिला मुख्यालय से सीधा सम्पर्क स्थापित होने के साथ ही आवागमन सुगम होगा।

## चौथे संकल्प को पूरा करने सांसद कर रहे 411 किमी की पदयात्रा

### 4 जिलों से होते हुये 14 दिन में सम्पन्न होगी छिन्दवाड़ा से खण्डवा तक की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

अपने चौथे संकल्प को पूरा करने के लिए सांसद बंटी विवेक साहू 411 किमी की अब तक की सबसे बड़ी पदयात्रा पर निकल पड़े है। सांसद की यह 14 दिवसीय पदयात्रा 4 जिलों से होते हुये गुरूपूर्णिमा के अवसर पर खण्डवा में सम्पन्न होगी। छिन्दवाड़ा के इतिहास में यह पहली बार है कि कोई सांसद जिलेवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए इतनी लम्बी पदयात्रा कर रहा है। सांसद श्री साहू इसके पूर्व भी छिन्दवाड़ा में तीन पदयात्राएं कर चुके है। जिसमें महादेव की कठिन पदयात्रा भी शामिल है।

सांसद श्री साहू अपनी पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों से रूबरू होकर जहॉ उनकी समस्याएं सुनकर उसका निराकरण कर रहे है वहीं भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में किये जाने वाले विकास कार्यो की रूपरेखा भी तैयार कर रहे है। सांसद श्री साहू अपनी पदयात्रा की शुरूआत सुर्योदय के पूर्व पदयात्रा के साथ



चल रहे माँ नर्मदा के जल कलश और दादाजी धुनीवाले की विधि विधान से पूजा अर्चना और आरती करके कर रहे है। सांसद श्री साहू द्वारा यात्रा का समापन पर भी माँ नर्मदा के जल कलश और दादाजी धुनीवाले की पूजा अर्चना और आरती के साथ किया जा रहा है।

सांसद बंटी विवेक साहू अपनी 14 दिवसीय पदयात्रा के दौरान पदयात्रा की 4 दिन 29 जून को सुबह पाण्ढुर्णा के विभिन्न वार्डों में भी पदयात्रा करनेगें। सांसद श्री साहू जुनेवनी फिल्टर प्लांट से सुबह पदयात्रा प्रारम्भ कर घनपेठ बाईपास होते हुये घनपेठ वार्ड, तिलक वार्ड, टेकडी वार्ड, नया हनुमान मंदिर, टेकडी वार्ड प्राचीन हनुमान मंदिर, गुरुदेव वार्ड, आजाद वार्ड, गांधी वार्ड, अन्ना भाऊ साठे चौक, श्रीराम मार्केट, श्रीं राम मंदिर, गुजरी चौक गणेश वार्ड, हनुमंती वार्ड, पंढरी वार्ड, महावीर वार्ड, समता कॉलेज, राजभोज स्मारक, जलाराम मंदिर, पंचशील चौक,छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, तीनशेर चौक, श्रीं दादा दरबार होते हुये इंदिरा भवन नगर पालिका पहुचकर रात्रि विश्राम करेगें।

### शिक्षक संगठनों ने किया विरोध, सभी विभागों में लागू करें सरकार

# ई-अटेंडेंस पर शिक्षकों और सरकार के बीच रस्साकशी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏩ छिंदवाड़ा

**ई-अटेंडेंस का मामला दिनों दिन पेचिदा होता जा रहा है। शिक्षक संगठनों ने इसका पुरजोर विरोध किया है। सिर्फ शिक्षकों की निगरानी के लिए बना यह सिस्टम समाज को यह संदेश दे रहा है कि शिक्षक अपने कर्तव्य के प्रति बेहद लापरवाह है। मप्र सरकार के ऐसे कुप्रचार करने वाली व्यवस्था का विरोध करते हुए इसे अन्याय पूर्ण बताया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश जहां से बना है सबसे पहले उस ऑफिस से ही लागू किया जाए। क्योंकि इतनी गहन निगरानी सिर्फ शिक्षकों पर ही क्यों, समाज में शिक्षक की गरिमा को ठेस पहुंचाने के लिए ई अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया है।**



इसी बात का विरोध करने के लिए छिंदवाड़ा के शिक्षक संगठनों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में पहुंचकर अपना ज्ञापन सौंपा। जब तक यह योजना सभी विभागों में लागू नहीं हो जाती तब तक शिक्षा विभाग को इस आदेश से स्थगित किया जाना चाहिए। अगर यह आदेश लागू करने का प्रयास जबरदस्ती सरकार करती है तो संगठन आंदोलन की राह पकड़ सकते है।

### सदस्यों की उपस्थिति में दिया ज्ञापन

ज्ञापन सौंपते समय संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि ई-अटेंडेंस पर पुनर्विचार किया जाए और शिक्षकों की गरिमा को सुरक्षित रखा जाए।

### शिक्षक पद की गरिमा को पहुंचा रहे ठेस

संघ ने ज्ञापन में लिखा है, गुरु के लिए सम्मान ही सबसे बड़ा धन होता है। केवल शिक्षकों के लिए सरकार द्वारा इस तरह की उपस्थिति योजना लागू करना गुरु पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है और शिक्षकों के मन को आहत करता है।

### समस्त कार्यालयों में एक साथ हो लागू

शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की कि अगर ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू की जानी है, तो उसे सभी शासकीय विभागों में एकसाथ लागू किया जाए। इससे किसी एक वर्ग को लक्षित करने की भावना नहीं रहेगी और कर्मचारियों का आत्मसम्मान भी बना रहेगा।

## डॉ. रामराव आठनकर को मिला मुंबई गौरव पुरस्कार



छिंदवाड़ा। समाजसेवी डॉ. रामराव आठनकर जो कि विगत लंबे समय से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से गांव-गांव शिविर लगाकर गरीब, आदिवासी वर्ग को निः शुल्क स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ निः शुल्क आंखों का ऑपरेशन करवाया जा रहा है, साथ ही समय-समय परा आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को कंबल वितरण, छात्र-छात्राओं को निः शुल्क पुस्तकों एवं ई लायब्रेरी के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवायी जाती है। ज्ञात हो कि डॉ. रामराव आठनकर रिया कल्याण एवं शिक्षा समिति के संचालन है। उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिये मुंबई स्थित लता मंगेश्कर ऑडिटोरियम भाईदर में आज 28 जून 2025 को मुंबई गौरव पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. रामराव ने मुंबई गौरव पुरूस्कार प्राप्त कर जिले का सम्मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके मित्रों ने उन्हे बधाई प्रेषित की है।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate, Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9752880383, 9753304877, 7898075114

## सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे मुस्लिम धर्मावलंबी

# मोहर्रम का हुआ आगाज, चांद रात को हुई परचम कुसाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी में शुक्रवार रात्रि 10:00 बजे जामा मस्जिद प्रांगण में परचम कुशाई का आयोजन किया गया । जिसमें मुस्लिम समाज के लोग सैकड़ो की संख्या मे उपस्थित रहे एवं जामा मस्जिद के पेश इमाम ने सलातो सलाम,फातीया किया । तत्पश्चात जामा मस्जिद सिंगोड़ी के सदर इलमन मिसकिनी ने परचम कुसाई की परचम कुसाई के बाद जुलूस का आगाज हुआ जो बाजार चौक होते हुए जुलूस बस्ती का गस्त करते हुए फरीदनगर, अमजद नगर पहुंचा और नई आबादी कुदुस बाबा के मकान पर जुलूस का समापन हुआ। सदर इलमन मिसकिनी ने बताया कि मुहर्रम को रमजान के बाद दूसरा सबसे पवित्र महीना माना गया है। इस महीने की शुरुआत नए चांद के दिखने पर निर्भर करता है। जिससे मुहर्रम-उल-हराम का पहला दिन शनिवार 28 जून से शुरू हो चुका है।मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर, के अनुसार मोहर्रम पहला महीना है। ऐसे में इस्लाम में मुहर्रम को काफी महत्व दिया गया है। इस महीने का पहला दिन इस्लाम में नए साल के रूप में मनाया जाता है। साथ ही यह महीना इसलिए भी खास है, क्योंकि मुहर्रम के दसवें दिन यौमे आशूरा का दिन आता है, जिसका अपना एक धार्मिक महत्व है। मुहर्रम के दसवें दिन शहीदों की याद में ताजिया का जुलूस निकाला जाता है। जिसमें पिंडई डविर,खकरा चौरई,राजाखो,सहित सिंगोड़ी के ताजिया सैकड़ो की संख्या में सिंगोड़ी पहुंचते हैं।वही बता दे आपको की एक मोहर्रम से लेकर 10 मोहरम तक इमाम हुसैन की याद में भव्य भंडारा (लंगर) का आयोजन किया जाता है। जो प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्र में भंडारा लंगर का आयोजन किया जाता है।

## जोबढाना आंगनवाड़ी केंद्र में निकाली गई जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सीमा पटेल के मार्गदर्शन में एवं पर्यवेक्षक लक्ष्मी पंडोले के निर्देशन पर हनोतिया सेक्टर की आंगनबाड़ी केंद्र जोबढाना मे लाडली लक्ष्मी योजना व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम एंव रैली का आयोजन किया गया जिससे कि हितग्राहियों को जागरूक किया गया साथ ही कार्यकर्ताओ द्वारा लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विषय में विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी महिलाओं को दी गई। जिसमें की प्रथम बालिका के जन्म पर लाड़ली लक्ष्मी योजना लाभ प्राप्त कर सके। इसके अलावा प्रधानमंत्री वंदना योजना में प्रथम प्रसव पर गर्भवती महिला को 5000 की राशि और दूसरी संतान बालिका होने पर 6000 की एक मुस्त राशि का लाभ प्राप्त किए जाने संबंधी जानकारी भी दी है।तत्पश्चात उपस्थित महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली गई जो कि गांव का बभ्रमण कर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंची। आयोजित कार्यक्रम अवसर पर चित्रा बेलवंशी,ग्राम की महिला दीपिका आम्रवंशी,शशी आम्रवंशी,कांती आम्रवंशी, संगीता मर्सकोले,ज्योति मर्सकोले,सुषमा मर्सकोले द्रोपदी मर्सकोले प्रियंका मर्सकोले एंव अन्य महिला मौजूद रही।

## ई–अटेंडेंस के विरोध में सिंगोड़ी संकुल शिक्षक परिवार संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

ई–अटेंडेंस के विरोध में सिंगोड़ी संकुल शिक्षक परिवार संघ ने मुख्यमंत्री के नाम संकुल प्राचार्य को ज्ञापन दिया। इस दौरान सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं सामिल रही।शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी के परिसर में सैकड़ों शासकीय शिक्षक शिक्षिकाओ ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई-अटेंडेंस को प्रारंभ करने का विरोध किया है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष सफीक मंसूरी ने शासन के इस निर्णय को अव्यवहारिक और अमानवीय बताया और कहा कि है शिक्षक जैसे पवित्र कार्य करने वालों के लिए अपमानजनक व्यवस्था है। वही वरिष्ठ शिक्षक संजय सिन्हा ने बताया की यह व्यवस्था मोबाईल पर आधारित है संकुल सिंगोड़ी के अन्तर्गत दूरदराज गांव में स्कूल है जिससे हमेशा नेटवर्क एवं तकनीकी तथा मानवीय समस्या रहती है जिससे ई-अटेंडेंस में दिक्कत होगी। वही कर्मचारी संघ ब्लाक अध्यक्ष ओ एस बड़कडे ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस व्यवस्था गलत बताकर बंद कर दिया था दोबारा इस व्यवस्था को शुरू नहीं करने का आश्वसान भी दिया था। वही सभी शिक्षकों ने आगे कहा की वर्तमान में इस ई-अटेंडेंस के विरोध में सम्पूर्ण म.प्र. के सम्पूर्ण शिक्षक नाराज है और प्रदेश में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय आन्दोलन की भूमिका बना रहे है अगर संकुल स्तर में आन्दोलन होता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी लोक शिक्षण आयुक्त की होगी।

## कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

संगठन सृजन अभियान के तहत तामिया में कांग्रेस की अहम बैठक हुई। संगठन सृजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित एक व्यापक संगठनात्मक पुनर्गठन कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त बनाने की कवायद जारी है।

28 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे अंकिता होटल के पास मंगल भवन तामिया में ब्लॉक तामिया एवं उप ब्लॉक चावलपानी के समस्त कॉंग्रेसजनों एवं पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है, कांग्रेस नेता राहुल गाँधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा कॉंग्रेस पार्टी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए संगठन सृजन अभियान शुरू किया है।

मध्यप्रदेश में कॉंग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए ₹संगठन सृजन₹ अभियान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एंव वर्तमान विधायक कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर दिनाँक 28 जून मंगल भवन तामिया में बैठक हुई। बैठक अखिल भारतीय कॉंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एंव उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक पर्यवेक्षक संजय कपूर, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, छिन्दवाड़ा कॉंग्रेस के प्रभारी, पूर्व विधायक सुनील जयसवाल, एवं अभिनव ढिमोले जिला कॉंग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविन्द राय एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके की उपस्थिति में आयोजित हुई। संगठन सृजन के लिए सभी कॉंग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से सुझाव लेकर सम्माननीय नेतागणों द्वारा संगठन की मजबूती हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया। ब

लॉक तामिया एवं उप ब्लॉक चावेलपानी के समस्त कॉंग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पार्टी को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस दौरान अनिल साहू,समेत ऊइके नवीन मरकाम मनमोहन साहू सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष दमुआ के खिलाफ पार्षद, सभापतिगण हुए लामबंद

**दमुआ।** नगर पालिका परिषद दमुआ भाजपा नीत परिषद में अध्यक्ष एवं पार्षद और सभापतिगण के बीच में लंबे समय से आपसी समन्वय ना बन पाने के कारण आपस मे ही खटपट चल रही है। जिसका सीधा असर विकास निर्माण कार्य एवं आम जनता के छोटे छोटे कार्या पर पड रहा है। हालत यह है कि भाजपा परिषद मे अध्यक्ष भाजपा का होते हुए भी सभापति पार्षदगण अध्यक्ष की कार्यप्रणाली से नाखुश है कारण क्योंकि अध्यक्ष द्वारा अपनी मनमानी की जा रही है परिषद में सभापति एवं पार्षदगणों की अव्हेलना की जा रही है। खासबात तो यह है कि अध्यक्ष द्वारा अपने परिषद के सभापति एवं पार्षदों को विश्वास में लेकर कोई विकास निर्माण कार्य नही किया जाता है। जो भी कार्य चल रहे उनमें मनमानी भर्राशाही किया जा रहा है जैसे वेतन भुगतान, कर्मचारी की भर्ती, सामग्री खरीद फरोख्त में, विकास निर्माण कार्य में फर्जीवाडा सामिल है। आम जनता के कार्यो में अध्यक्ष द्वारा भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई जाती हैं अध्यक्ष द्वारा अपने परिवार के लोगो सीधा लाभ पहुचाया जा रहा है जिसमे नगर पालिका एवं डिवाईन बेस्ट मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा अध्यक्ष के रिश्तेदारो के खाते में राशि का भुगतान फर्जी तरीके से किया जा रहा है। इस तरह न.पा. अध्यक्ष दमुआ द्वारा अपने पद पर रहकर नियम विरूद्ध कार्य किया जा रहा है। जिसकी वजह से भाजपा संगठन की छवि खराब हो रही है। ज्ञात हो अभी हाल के दिनो 19 जून को भाजपा के पार्षद एवं सभापतिगण ने अध्यक्ष के खिलाफ लामबंद होकर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला कलेक्टर के समक्ष लिखित ज्ञापन सौंप कर अध्यक्ष के रिश्तेदारो के बैक खातो की जांच करवाकर 03 वर्ष का कार्यकाल समाप्त होते ही न.पा.प अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग की हैं ।

### विधायक जनसंपर्क कार्यालय में सूरज हेगड़े ने व्यापारियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं-नेताओं से की चर्चा

## आम जनता की बात सुनने वाली पार्टी सिर्फ कांग्रेस-सूरज हेगड़े



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** कांग्रेस संगठन में सक्रियता लाने और जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर केंद्रीय ऑब्जर्वर सूरज हेगड़े वारासिवनी विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुँचे। जहॉं पर उन्होंने जनता, राजनेताओं और प्रबुद्धजनों से चर्चा कर उनकी नब्ज टटोलने का काम किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा की और एक अच्छे, कर्तव्यनिष्ठ तथा पार्टी के प्रति वफादार व्यक्ति को कांग्रेस पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाने के संबंध में सभी की राय ली। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को और ऊंचाईयों तक ले जाने की बात सभी कार्यकर्ताओ से कही।

**व्यापारियों से चर्चा कर मॉंगी राय:** विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुँचने के बाद श्री हेगड़े ने नगर के व्यापारियों के एक समूह से मुलाकात की। जिसमें अधिकांश भाजपा से जुड़े हुए व्यापारी शामिल रहे। इन सभी व्यापारियों से उनसे व्यक्तिगत रुप से चर्चा कर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के लिए कौन व्यक्ति उपयुक्त होगा, के संबंध में राय मॉंगी। जिस पर व्यापारियों द्वारा अपनी- अपनी राय से श्री हेगड़े को अवगत कराया गया। इस दौरान नगर के प्रसिद्ध व्यापारियों में राजू संचेती, विजय सुराना, कैलाश दुल्हानी, विजय बिसेन सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

### जनता व कार्यकर्ताओं की मंशा के अनुसार ही बनाया जायेगा जिला अध्यक्ष-सूरज हेगड़े

चर्चा के दौरान केन्द्रीय पर्यवेक्षक सूरज हेगड़े ने कहा कि मैं इसके पहले भी वारासिवनी आया था और यहां के राजनेताओं, कार्यकर्ताओं और व्यापारियों से चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने सबसे राय लेने का प्रयास किया था। सरपंच, पंच, जनपद सदस्य सभी के दिल में क्या हैं? मैने समझने का प्रयास किया। मेरा काम दिल्ली में बैठे हमारे नेताओं तक सभी की बातों को पहुंचाना हैं। वारासिवनी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बहुत आगे तक पहुंचाया है और यहां विधायक जीताकर भोपाल तक पहुंचाया हैं। कई वर्षों से यहां पर कांग्रेस का ही विधायक बनते आ रहा है और आगे भी बनता रहेगा। यहां के विधायक सबको साथ लेकर चलते हैं, सभी की सुनते हैं और हर व्यक्ति का काम भी करते हैं।

### आम जनता के बीच का व्यक्ति बनाया जायेगा जिला अध्यक्ष-विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि राहुल गाँधी की मंशा हैं कि हर जिले का जिला अध्यक्ष जनता द्वारा चुनकर ही बनाया जाये। जिले का हर कार्यकर्ता चाहे वह किसी भी पद पर हो, उनसे वन टू वन चर्चा कर उनकी राय जानने का प्रयास करे और जो हर कार्यकर्ता की सुने, ऐसे व्यक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया जाये।

## कटंगी में दूसरी बार वन टू वन की चर्चा : कांग्रेस केंद्रीय पर्यवेक्षक ने जिलाध्यक्ष को लेकर की रायशुमारी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** पार्टी को बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन अभियान चला रहा ही है. इसी अभियान के तहत मध्य प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष का चयन किया जाना है. बालाघाट जिले में जिलाध्यक्ष को लेकर अजीबो-गरीब स्थिति बनी हुई है. पार्टी के कई वरिष्ट और युवा प्रख्यात चेहरे जिलाध्यक्ष पद के लिए अपना दावा ठोंक चुके है. इन चेहरों में कांग्रेस सबका लोकप्रिय और पार्टी हित का चेहरा तलाश कर रही है और इसी तलाश को पूरा करने के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक विधायक सूरज हेगड़े नियुक्ति की गई है. सूरज हेगड़े शनिवार को दूसरी बार कटंगी पहुंचे. जहां उन्होंने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष को लेकर ना सिर्फ पार्टी कार्यकर्ताओं से बल्कि इस बार व्यापारियों, अधिवक्ताओं और पत्रकारों से भी रायशुमारी ली. सूरज हेड़गे सुबह करीब 11 बजे वारासिवनी रोड़ स्थित सतपुड़ा आईटीआई पहुंचे. जहां उन्होंने दोपहर 02 बजे तक सभी से वन-टू-वन चर्चा की. बता दें कि कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष के लिए बैहर विधायक वर्तमान जिलाध्यक्ष संजय उइके, बॉंडगेज संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, शफकत खान, जुगल किशोर शर्मा, अजय अवसरे, सौरभ लिल्हारे, नितिन भोज, विशाल बिसेन जैसे लोगों ने अपना दावा ठोंका है. केंद्रीय पर्यवेक्षक ने कटंगी में तमाम वर्ग के लोगों से रायशुमारी ली है ताकि कांग्रेस को जिले में जिलाध्यक्ष के तौर पर एक बेहतर नेतृत्व मिले. इस दौरान पूर्व सांसद बोधसिंह भगत सहित स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। 06 विधानसभा सीटों वाले बालाघाट जिले में कांग्रेस के पास मौजूदा वक्त में 04 सीटें यानी 04 विधायक है बावजूद इसके कांग्रेस जिले में अंतर्कलह से जूझ रही है. पार्टी में कई अवसरवादी नेता और कार्यकर्ता है जो अपने फायदे के लिए पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे है. यह बात पार्टी के कई समारोह में स्वयं कांग्रेस के नेताओं ने कबूल की है. मगर, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच भी कांग्रेसी अपने भीतर कोई बदलाव नहीं ला रहे है. जिसका ताजा उदाहरण कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चयन के दौरान देखने को मिल रहा है. एक पद के लिए आधा दर्जन से अधिक दावेदारों ने अपना दावा किया है. इन दावेदारों में जिलाध्यक्ष बनने की होड़ सी लगी हुई है यह स्वयं को बेहतर और योग्य मानकर चल रहे है. इन सभी का दावा है कि इन्होंने पार्टी के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया है।

बता दें कि जिन दावेदारों ने जिलाध्यक्ष के लिए दावेदारी की है उनमें से कुछ दावेदारों ने तो पर्यवेक्षक के सामने उनका नाम लेने के लिए बकायदा एक दिन पहले ही अपने करीबी लोगों से फोन पर संपर्क किया ताकि किसी भी तरह से वह जिलाध्यक्ष का पद पाने में सफल हो जाए. कांग्रेस पर्यवेक्षक सूरज हेगड़े ने पहले ही साफ कर दिया है कि वह केवल रायशुमारी करने के लिए आए है. पार्टी का शीर्ष नेतृत्व ही जिलाध्यक्ष का नाम तय करेगा और जिलाध्यक्ष के बाद कांग्रेस ब्लॉक से लेकर बूथ तक पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करेगी।

## ओम प्रकाश नगपुरे प्रदेश महासचिव बने मनोनीत



**वारासिवनी।** गत दिनों प्रदेश की राजधानी भोपाल में अखिल भारतीय लोधी/लोधा अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक के आठवें राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कार्यक्रम के बाद रविंद्र भवन भोपाल में आयोजित बैठक में वारासिवनी के स्थायी निवासी छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से कार्यपालन अभियंता के पद से सेवानिवृत्त ओम प्रकाश नगपुरे को सर्व सम्मति से आलोक संस्था के मध्यप्रदेश इकाई का महासचिव नियुक्त किया गया हैं। श्री नगपुरे वर्तमान में वरिष्ठ नागरिक मंच मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष एवं संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष हैं।

## प्रिविका लॉन के सामने से बाइक चोरी : कटंगी शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी, वाहन मालिकों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र में बाइक चोर गिरोह सक्रिय होने का अनुमान है. दरअसल, शहर में लगातार बाइक चोरी की हो रही घटनाएं हो रही है. जिससे वाहन मालिकों में हड़कंप है. गत रात्रि प्रिविका लॉन के सामने से एक बाइक चोरी की वारदात हुई है. पीड़ित शंशाक रामटेके ने शनिवार को थाना पहुंचकर बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई है. पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है. शंशाक ने बताया कि 27 जून शुक्रवार की रात्रि साढ़े 10 बजे वह प्रिविका लॉन में एक शादी समारोह में गया था. जहां करीब आधे घंटे तक रहा और जैसे ही लॉन से बाहर निकला उनकी बाइक पैशन प्रो एमपी 22 एमई 3998 गायब थी. लॉन के आस-पास हर जगह तलाश की लेकिन बाइक कहीं भी नहीं मिली. ज्ञात रहे कि प्रिविका लॉन में बाइक चोरी की इस वारदात के ठीक दो दिन पहले 25 और 26 जून की दरमियानी रात्रि तपन राय के घर के सामने खड़ी राजदूत बाइक को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया. चोरी की यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई. बाइक चोर कहीं रात के अंधेरे में तो कहीं दिनदहाड़े आंखों के सामने से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है।

शहर में लगातार बढ़ती चोरियों का कारण वैसे तलाश करना बहुत मुश्किल काम है लेकिन प्रभावी सुरक्षा तंत्र का अभाव और शिथिल कानून व्यवस्था एक महत्वपूर्ण कारण माना जा सकता है. कटंगी शहर के सुरक्षा तंत्र की बात की जाए तो इसमें शहर पूरी तरह से फिसड्डी साबित हुआ है. शहर में प्रशासन ने कहीं भी सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाएं है जिस कारण संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए आज भी पुलिस को निजी सीसीटीवी कैमरे खंगालने पड़ते है. प्रशासन के द्वारा आयोजित होने वाली शांति समिति की बैठकों में कई बार सीसीटीवी कैमरों का विषय प्रमुखता से रखा गया है तब नगर परिषद के अधिकारी केवल इतना ही भरोसा देते हुए आए है कि जल्द ही सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत करवा ली जाएगी लेकिन आज तक बंद और खराब पड़े कैमरों की मरम्मत नहीं की गई. नतीजा कोई भी चोर आसानी से चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद शहर से रफूचक्कर हो जाता है और फिर पुलिस निजी सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोर की तलाश करने में जुट जाती है. अगर शहर के प्रमुख मार्गों में बेहतर और उच्च पिक्चर क्वालिटी के कैमरे लगे होते हो शायद चोरी की घटनाओं पर विराम लग सकता था।

### बैहर में स्वामी जी की उपस्तिथि में हुआ स्वागत

## 25 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य को हम पूरा करेंगे: शर्मा

हरिभूमि न्यूज उकवा।



जिस तरह पूरे देश में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के 28 अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का प्रवास 25 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य का पूरा करने के लिए पूरे देश के हर प्रांतों में प्रवास हो रहा है उसी के तहत आज नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यभारत प्रान्त के संरक्षक राजकुमार शर्मा का आगमन बैहर में हुआ जिनका स्वागत बैहर बालाघाट मध्यप्रदेश के रेस्ट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज एवं उनके साथियों के द्वारा किया गया। संगठन के विषय में राजकुमार शर्मा ने कहा कि हम 2030 के पहले ही संगठन के लक्ष्य को पूरा कर 25 करोड़ सदस्य बनाकर विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाकर भारत को विश्व गुरु बनायेगें । श्री शर्मा ने कहा कि आज पूरे देश के हर प्रांतों में हर जिले में संगठन के पदाधिकारी काम कर संगठन को मज़बूत बना रहें हैं। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि हम देश की संसद में संतों को पहुंचाकर देश की संसद को ₹सन्त संसद₹ बनाना चाहते हैं आपने कहा कि देश की संसद में दो सन्त हैं जो भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर हैं। जब देश की संसद में 50 सदस्य जायेगें तब हम भारत विश्व गुरु बनाने सफल हो जायेगें। अभी हमने 11 करोड़ सदस्य बना लिए है जिस दिन हम 25 करोड़ सदस्य बना लेगे उस दिन हमारा देश हिन्दू राष्ट्र बन जायेगा। इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी विचार मंच राष्ट्रीय सचिव दिलीप भगत, जिलाध्यक्ष मेहतलाल कटरे, वरिष्ठ पत्रकार चेतराम धानेश्वर, वरिष्ठ पत्रकार राकेश शर्मा, समाज सेवी शेखर अहिरवार, तहसील उपाध्यक्ष छोटू यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# खबर संक्षेप

## म.प्र.जूनियर वर्ग का फाईनल राउंड के मैचेस सिवनी में होंगे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय जूनियर वर्ग में जाने के लिए म.प्र. टीम का अंतिम चयन सिवनी में होगाम.प्र.जूनियर वर्ग की टीम का प्रशिक्षण 3 जुलाई से होगा।
म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ सिवनी को जूनियर वर्ग का फाईनल राउंड मैच कराने का दायित्व सौपा गया है जिसके परिपालन में सिवनी में जूनियर वर्ग के 2 सेमीफाईनल मैच 30.06.25 को प्रातः 10:00 बजे से खेले जायेंगे। सेमीफाईनल मैच भोपाल, जबलपुर, इंदौर एवं बालाघाट की टीमों के मध्य होंगे। फाईनल मैच 1 जुलाई 2025 को दोपहर 2:00 बजे से खेला जायेगा जबकि हार्डलाईन मैच 1 जुलाई को ही प्रातः 9:00 बजे से खेला जायेगा।
म.प्र.फुटबाल संघ द्वारा प्रदेश की टीम के लिए प्राथमिक चयनित खिलाड़ियों का प्रशिक्षण एवं अंतिम चयन सिवनी में होगा एवं राष्ट्रीय जूनियर फुटबाल प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम सिवनी से प्रस्थान करेगी।
सचिव जिला फुटबाल संघ सिवनी ने सभी फुटबाल खिलाड़ियों एवं फुटबाल प्रेमियों को इस अवसर पर आमंत्रित करने की अपील की है।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक ने सिवनी रेल खंड पर ट्रैक, संरचनाओं एवं यात्री सुविधाओं का किया निरीक्षण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ट्रेनों के सुरक्षित व संरक्षित परिचालन सुनिश्चिता तथा विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं का जायजा लेने की कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता द्वारा दिनांक 27 जून '25 को इतवारी-छिंदवाडा-सिवनी सेक्शन का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने छिंदवाडा एवं सिवनी में अमृत भारत योजना से सम्बंधित यात्री सुविधाओं का जायजा लिया एवं इस खंड पर सुरक्षा, संरक्षा एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण सुबह 07.30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से विशेष निरीक्षण यान (स्पीक) के माध्यम से प्रारंभ हुई। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान इतवारी-छिंदवाडा-सिवनी रेलखंड पर खापरीखेडा, सौसर, सावनेर, लिंगा आदि स्टेशनों का निरिक्षण, ट्रैक व संरचनाओं की स्थिति का अवलोकन एवं छिंदवाड़ा एवं सिवनी स्टेशनों का विस्तृत निरीक्षण किया। साथ ही छिंदवाड़ा में रेलवे हॉस्पिटल,लॉबी,रनिंग रूम का गहन निरीक्षण कर रनिंग स्टाफ हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक सहित अधिकारियों द्वारा स्वच्छ और हरित वातावरण हेतु स्टेशनों के परिसर में व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया।
इस निरीक्षण में संबंधित शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारीगण मंडल रेल प्रबंधक महोदय के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण का उद्देश्य परिचालन, सुरक्षा, संरक्षा एवं स्टाफ कल्याण से जुड़ी सुविधाओं की समीक्षा कर उनमें आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे यात्रियों एवं रनिंग स्टाफ/रेलकर्मियों को और अधिक बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें। साथ ही, मानसून के दौरान संवेदनशील स्थलों की पहचान कर संभावित असुविधाओं को दूर करने तथा अत्यधिक वर्षा या आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## इधर,रेल्वे के डीएम दीपक गुप्ता से रेल्वे विकास समिति ने की चर्चा,सिवनी से अजमेर दयोदय ट्रेन हो प्रारंभ

*दक्षिण पूर्वी रेल्वे मंडल नागपुर के डीएमओ दीपक कुमार गुप्ता का सिवनी रेल्वे स्टेशन में अल्प प्रवास हुआ इस दौरान रेलवे विकास समिति के अध्यक्ष धनश्याम सनोडिया कोषाध्यक्ष दीपक पंजाबी संयोजक विनय सराफ सदस्य राज साहू विशाल कश्यप राज कश्यप नवयुवक अध्यक्ष अंचल चौरसिया सत्यम सूर्यवंशी की उपस्थिति में लगभग 30 मिनट तक सिवनी के रेल विस्तार पर चर्चा की गई।*
*रेल्वे विकास समिति के मीडिया प्रभारी ने बताया कि सिवनी से प्रतियोगी परीक्षा हेतु युवाओ को कोटा जाना पड़ता है तथा तीर्थ की दृष्टि से अजमेर शरीफ भी अक्सर लोग जाते है इसके लिए जबलपुर से अजमेर के लिए चलने वाली दयोदय ट्रेन को सिवनी से चलाये जाने की मांग रखी गई है। इसी तरह सिवनी से चलने वाली ट्रेनों का समय चार्ट इस तरह बनाया जाये जिससे लोग नैनपुर से रायपुर की यात्रा भी सुलभता से कर सकें। इसी तरह हाल ही में पंचव्हेली ट्रेन का मार्ग बढाया गया है और इसका लाभ अधिक लोगो को मिल सके इस बात को ध्यान में रखते हुए पंचव्हेली ट्रेन में जनरल कोच ऐसी कोच के डिब्बों की संख्या बढ़ाये जाने की मांग भी रखी है।*
*समिति ने डी एम के समक्ष व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मालवाहक की सुविधा व्यापारियों को प्रदान किये जाने की मांग रखी है, रेल्वे विकास समिति के द्वारा रखी गई बातों पर उन्होंने कहा कि आपकी मांग हम संबंधित जनों तक पहुंचायेगे और प्रयास करेंगे कि ये मांग पूरी हो। हमारा प्रयास है कि जिस तरह से युद्ध स्तर पर रेल्वे की टीम ने यहां पर काम किया है और शेष रह गये कार्यो को पूर्ण कराना हमारी प्राथमिकता मे है फिलहाल हम यहां अवलोकन के लिए यहां आये थे और यह कार्य के साथ साथ आपकी क्षेत्र हित में रखी मांग को भी पूरा करने के लिए प्रयास करेंगे।*

## राष्ट्रीय ब्रॉडगेज रेल्वे संघर्ष समिति ने जबलपुर से चित्रकुट एक्सप्रेस को नैनपुर, सिवनी, होकर छिन्दवाड़ा तक चलाई जाने की मांग की



**सिवनी,** राष्ट्रीय ब्रॉडगेज रेल्वे संघर्ष समिति, सिवनी के अध्यक्ष ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार द्वारा जिले के यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, द.पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर डिविजन के डीआरएम को ज्ञापन सौपकर सिवनी से निम्नानुसार रेल सुविधा उपलब्ध कराने मांग रखी जो इस प्रकार है, जबलपुर से चित्रकुट एक्सप्रेस को नैनपुर, सिवनी, होकर छिन्दवाड़ा तक चलाई जाए। इंदौर, उज्जैन, छिन्वाड़ा, सिवनी, बालाघाट से होते हुए रायपुर तक नई पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए। अमरावती एक्सप्रेस को व्हाया सिवनी, छिन्दवाड़ा सप्ताह में 4 दिन चलाई जाए। दयोदय एक्प्रेस को जबलपुर से छिन्दवाड़ा तक चलाई जाए, रीवा-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन सिवनी छिन्दवाड़ा होते हुए पुणे तक चलाई जाए, सेवाग्राम एक्सप्रेस ट्रेन सिवनी तक चलाई जाए। आमला से छिन्दवाड़, नागपुर, सिवनी, नैनपुर, मंडला रेल मार्ग को दोहरी करण कार्य प्रारंभ किया जाए, ताकि यात्री गाडियों के साथ साथ मालवाहक गाडियों के आवागमन में अवरोध समाप्त हो सकेंगा। महोदय जी वर्तमान में शहडोल एक्सप्रेस और रीवा इतवारी एक्सप्रेस, पेंचवेली एक्सप्रेस यात्री गाडियों का पलारी, कान्हीवाड़ा एवं भोमा में स्टापेज न होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, चूंकि यह तीनो स्टेशनों पर स्टापेज 2-2 मिनट का भी होता है तो रेल विभाग को अच्छा खासा राजस्व प्राप्त होगा साथ ही इन क्षेत्रों के नागरिको को रेल सुविधा का लाभ मिल सकेंगा। सिवनी जिले के नागरिकों को रेल सुविधा हेतु उपरोक्त मांगो को जनहित में अतिशीघ्र पूर्ण कराने की दिशा में उचित एवं सार्थक कार्य करने का कष्ट करें। ज्ञापन सौंपते समय राजा बघेल, विष्णु करोसिया, राजिक अकील, चंदनसिंह खताबिया, शिबू सेंगर, जोएब जकी अनवर, राहुल सिंह बघेल, डालचंद बर्वे, गेंदलाल भलावी, ध्रुवनारायण चौधरी, निर्मल निखारे, दिनेश सनोडिया, विनोद नाग, मनीष अग्रवाल, नितिन बघेले, ऋषि गोसाई सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## अवैध शराब की तस्करी कर रहे युवक पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



27 जून 2025 को मुखबिर से मोटर सायकिल से अवैध हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब के विक्रय हेतु शहर में परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर वामनकर द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड़ कार्रवाई हेतु मुखबिर के बताये स्थान नागपुर रोड़ खैरीटेक पर टीम को रवाना कर घेराबंदी की गई वाहनों की चैकिंग कि गई जो 01 व्यक्ति लाल रंग की मोटर सायकिल में दोनों तरफ 15-15 लीटर की 04 कुप्पी में कुल 60 लीटर अवैध शराब कब्जे में लिये मिला। जिससे नाम पता एवं अवैध शराब कब्जे में रखने के संबंध में पूछताछ करने पर अपना नाम इमरत अर्फ अमरत जाधव निवासी ग्राम सापापार थाना कुरई का रहना तथा अवैध शराब के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिसके कब्जे से मोटर सायकिल सहित अवैध को जप्त किया गया है तथा आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है तथा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी के विरूध्द में भी थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्रमांक 985/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज हैं। गिरफ़्तार आरोपी : इमरत उर्फ अमरत जाधव पिता रामदयाल जाधव उम्र 43 वर्ष निवासी सापापार चौंकी थाना कुरई जिला सिवनी।

## एन एच ए आई के त्रुटि पूर्ण कार्य का खामियाजा भुगत रहे महाराणा प्रताप कॉलोनीवासी, तस्वीरें बयां करती नजर आ रही....

### सिवनी कलेक्टर संस्कृति जैन ने भी बायपास पहुंचकर मौके का जायजा ले चुकीं हैं किंतु नतीजा कुछ नहीं निकला

**छपारा -** नगर के एन एच 44 फोरलेन सड़क बायपास की ओर से पिछले कई वर्षों से बारिश के मौसम में आने वाले बरसात का पानी नगर के हनुमान कालोनी,हाईवे कालोनी महाराणा प्रताप कॉलोनी, जल भराव होने से बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी का कारण बनता आ रहा हैं। जिसमें सबसे अधिक परेशानी महाराणा प्रताप कॉलोनी में रहने वाले वार्डवासियों को होती है जिनके घरों के अंदर पानी का घूसना बारिश के मौसम आम बात हो गई है। जिसे लेकर इन वार्डों के रहवासियों ने विगत कई वर्षों से लगातार शिकायत दर्ज कराई परंतु ठोस समाधान आज तक नहीं हुआ। गत वर्ष भी जुलाई के महीने में हुई तेज बारिश का पानी आधी रात को महाराणा प्रताप कॉलोनी के लगभग बीस से पच्चीस घरों में घुस





गया जिससे घरों में रखा अधिकांश खाद्यान्न सामग्री खराब से लेकर गृहस्थी का समान बर्बाद हो गया था इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ज्ञात हो की क्षेत्र में तेज बारिश से उक्त वार्ड में तांडव मचाने वाला पानी नगर के एन एच 44 फोरलेन सड़क बायपास बनने के बाद से ही आ रहा हैं जिसको लेकर विगत वर्ष जिला कलेक्टर से भी शिकायत की गई थी किंतु इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा भी कोई पहल नहीं की गई।
वहीं इस वर्ष भी 14 जून के बाद अच्छी बारिश का क्रम जारी है जिस दिन दो तीन घंटे मूसलाधार बारिश होती है उस दिन वार्ड वासियों की नींद हराम हो जाती हैं कि फिर से कही घरों में पानी तो नहीं भर जायेगा, अच्छी और तेज बारिश यहां निवासियों के लिए दिल की धड़कन बढ़ा देता है। लगभग दस वर्षों से चली आ रही इस समस्या को लेकर यहां के निवासी असमंजस में है कि आखिर किसके पास फरियाद करें कि समस्या हल हो जाए चूंकि हर संभावित जगह शिकायत करके लोग थक चुके हैं आगामी समय में देखना होगा कि इस विषय पर संज्ञान लेकर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश बलवीर सिंह कि न्यायालय ने अभियुक्त अजय उईके पिता अशोक उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम विजय पानी कला थाना कान्हीवाड़ा को हत्या के अपराध में धारा 302 भादवी के तहत आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थ दंड से दिनांक 26/06/2025 को दंडित किया है ।
घटना की सुबह मृतिका उम्र लगभग 21 वर्ष के पिता ने थाना बरघाट में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई की दिनांक 2/11/2019 की रात्रि करीब 12:00 बजे अभियुक्त अजय उसके घर आया और पीने के लिए पानी मांगा,मृतिका ने उसे पीने के लिये पानी दी, सुबह जब सब लोग सो कर उठे तो देखे की मृतिका घर पर नहीं है, सुबह करीब 6:00 बजे गांव का एक व्यक्ति ने आकर बताया कि एक लड़की नदी किनारे रेत में सोई है,तब उन लोगों ने जाकर देखा तो वहां पर उनकी लड़की मृत अवस्था में पड़ी थी, पुलिस ने तत्परता से संदेही अजय को पड़कर उससे पूछताछ की पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने मृतिका की गमछा से गला घोट कर हत्या की थी,अभियुक्त से अपराध में प्रयुक्त गमछा पुलिसल ने जप्त की तथा थाना प्रभारी के.मरावी के द्वारा विवेचना की गई,शासन की ओर से न्यायालय में पैरवी वरिष्ठ एडीपीओ श्रीमती उमा चौधरी के द्वारा की गई थी तथा साक्षी प्रस्तुत किए गए, प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं ₹5000 के दंड से दंडित किया है।

## मुनिसंघ का हुआ भव्य मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

27 जून समाधिष्ट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य एवं आचार्य समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज एवं मुनि श्री भावसागर जी महाराज का आज बड़े जैन मंदिर शुक्'वारी में भव्य अश्व शोभायात्रा मंगल प्रवेश हुआ है.
ज्ञात हो कि आचार्य समय सागर जी महाराज के आर्शीवाद से उक्त मुनिसंघ का चातुर्मास सिवनी में निश्चित हुआ है. मुनिद्वय देवरी (सागर) से पदबिहार करते हुए आज सुबह 6:30 गुरूकुल मंदिर लूघरवाड़ा पहुँचे थे. आहार चर्या एवं दोपहर के सामायिक के पश्चात श्री अभय कुमार जैन (करेली वाले) के आवास से मुनिसंघ की आगवानी हेतु भव्य शोभायात्रा की तैयारी की गयी थी. आज निर्धारित कार्यक'मानुसार ज्यारत से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. शोभायात्रा में



सबसे आगे श्वेत एवं श्याम रंग के अश्व पर बच्चों को आरूढ़ किया गया. श्वेत श्याम अश्व के बीछे बैंड और बैंड के पीछे छोटे बच्चे, फिर लाल साड़ी में महिला परिषद की महिलाएं, नीली साड़ी में दयोदय महिला परिषद की महिलाएं एवं पीली साड़ी मे समाज की महिलाओं पक्तिंबद्ध हाथों में अष्टप्रातिहार्य और कलश लेकर शामिल हुई. महिलाओं के पीछे समाज के बच्चों का घोष बैंड और उसके पीछे पुरूष वर्ग मुनि द्वय के साथ साथ पदबिहार करता हुआ शोभायात्रा में शामिल रहा. आज दोपहर 3 बजे ज्यारत से प्रारंभ हुई शोभायात्रा शाम 4:20 बजे बड़े जैन मंदिर में समाप्त हुई. गौरतलब होगा कि 30 जून को समाधिष्ट आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस है. महाराज श्री के सानिध्य में इस अवसर पर विशेष आयोजन किये जायेंगे।

## भाजपा ने जिले के पांच मंडलों में नियुक्त किए नए मंडल अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिवनी जिले की बरघाट विधानसभा के तीन मंडलों एवं केवलारी विधानसभा के दो मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। यह नियुक्तियाँ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा की स्वीकृति से की गई हैं जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इस संबंध में भाजपा जिला मीडिया विभाग द्वारा जानकारी देते हुये बताया गया गया है कि घोषित मंडल अध्यक्षो में बरघाट विधानसभा के गंगेरूआ मंडल से अंकित राहंगडाले कुरई मंडल में सागर सूर्यवंशी एवं सुकतरा मंडल में चंद्रभान रघुवंशी को मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गयी है । इसी प्रकार केवलारी विधानसभा के कान्हीवाड़ा मंडल में इन्द्रकुमार जंघेला एवं धनौरा मंडल में सुजीत मिश्रा भाजपा को भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त किय गया है ।

## कांग्रेसियों ने निजी ट्रेक्टर एवं लेवलर से सड़क की कीचड़ को हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

महामाया वार्ड सांई बिहार कालोनी पहली वर्षा में ही सड़के दलदल में तब्दिल हो गई, लोगो को मोटर सायकल तो छोड़ो पैदल आने जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सांई बिहार कालोनी निवासी समाज कल्याण कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष धुरवनारायण चौधरी ने वार्ड के लोगो की परेशानी को देखते हुए जिला कांग्रेस को वार्ड में सड़क, बिजली, पानी की समस्या से अवगत कराया, जिला कांग्रेस से विष्णु करोसिया, अतुलचंद मालू, इमरान पटेल, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, ठा. जयप्रकाश सिंह परिहार, नन्दू यादव, गेंदलाल भलावी ने मौके में पंहुचकर समस्या सुनी, अतुलचंद मालू द्वारा तत्काल अपने निजी ट्रेक्टर एवं लेवलर से सड़क की कीचड़ को हटाया गया, जिससे की लोगो का आना जाना प्रारंभ हो सका, मुख्य नगरपालिका अधिकारी से चर्चा की गई, उन्होंने डम्फर जेसीबी भेजकर कीचड़ साफ कराया, स्ट्रीट लाईट के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। चौधरी के इस प्रयास से सांई बिहार कालोनी वासियों ने जिला कांग्रेस का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## वन विभाग व एनसीसी केडेट्स ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का सन्देश




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज सिवनी के सीनियर डिवीजन एनसीसी व मिशन स्कूल जूनियर डिवीजन के कैडेट्स व एनसीसी अधिकारियों ने वन विभाग के साथ मिलकर आज वृहद पौधारोपण अभियान में हिस्सा किया। सिवनी जिले के गोपालगंज के पास स्थित वन विभाग की धमनियां बीट में आज पौधारोपण अभियान में एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लेकर पौधों को रोपित करने की न सिर्फ तकनीकी को सीखा बल्कि पौधों को रोपित भी किया। वन विभाग के बघेल जी वरुण जी ने एनसीसी कैडेट्स को सर्वप्रथम पौधों को सर्वप्रथम गड्ढा तैयार करना सिखाया। बताया कि पौधों को लगाने के बाद उनकी जड़ो के पास मिट्टी को ठीक से दबाया जाना होता है जिससे ज्यादा पानी के कारण जड़ गलने से बच सके। इसके पश्चात केडेट्स ने पौधे रोपित किये। इस अभियान के माध्यम से कैडेट्स ने आम जनता को एक संदेश भी दिया है कि बरसात का मौसम शुरू होते ही हम पौधों को रोपित कर तैयार कर सकते हैं। पीजी कॉलेज सिवनी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि पौधारोपण को एनसीसी के द्वारा एक अभियान के तौर पर चलाया जा रहा है। एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमन के निर्देशन में एनसीसी टीम द्वारा यह अभियान सिवनी, पांढुर्ना एवं छिंदवाड़ा जिले में वृहद रूप में आयोजित हो रहा है।

## एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत किया वृक्षारोपण



**सिवनी।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य श्रीमती कल्पना इंगले के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा हरित कोर इकाई प्रभारी डॉ. रुचिका यदु एवं रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. एस आर नवांगे के नेतृत्व में महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओम प्रकाश सरवैया, डॉ सोहनलाल अहिरवार, डॉ अनीता भट्ट, डॉ डिंपल डहरिया तथा समस्त अधिकारी और कर्मचारी गण की उपस्थिति सराहनीय रही।

## धार्मिक भावना को आहत करने वाले लेखराम मात्रे के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**सिवनी।** धार्मिक भावना को आहत करने वाले तथा सनातन धर्म के खिलाफ गलत तथा अश्लील टिप्पणी करने वाले लेखराम मात्रे के खिलाफ बरघाट पुलिस द्वारा कार्यवाई करते हुऐ अपराध पंजीबध किया गया है । लेखराम मात्रे की पत्नि वर्तमान मे बरघाट जनपद की जनपद सदस्य है तथा इसके पूर्व भी लेखराम मात्रे जनपद सदस्य जैसे जवाबदार पद मे रह चुके है किन्तु यह अपनी गरिमा भूल बैठे तथा अखिल भारतीय मरार माली मौर्य समाज के व्हाट साप ग्रूप मे इनके द्वारा सनातन धर्म के रचयिता भगवान ब्रम्हा के सम्बध्द मे गलत तथा अश्लील टिप्पणी की गई कार्यवाई की मांग की जिसे थाना प्रभारी बरघाट मोहनीश बैस ने गम्भीरता से लेते हुऐ तत्काल ही एफ आई आर दर्ज करते हुऐ हुऐ भारतीय न्याय सहिता बी एन एस 2023 196/1 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा बी एन एस 2023 299 के तहत कार्यवाई करते हुऐ अपराध पंजीबध किया है

## इंटीग्रेटेड हेल्थ केम्प का सहायक संचालक ने किया निरीक्षण

# उपस्वास्थ्य केंद्र बादलपार एवं संजीवनी क्लीनिक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश एड्स नियंत्रण समिति भोपाल की सहायक संचालक मती मोनल सिंह (बीटीएस), मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ.व्ही.के.नावकर,जिला नोडल अधिकारी (एड्स) डॉ.जयज काकोड़यि की उपस्थिति में 24 जून मंगलवार को नगर के मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक शहीद वार्ड में और 25 जून बुधवार को उपस्वास्थ्य केंद्र बादलपार (कुरई) में इंटीग्रेटेड हेल्थ केम्प आयोजित किया गया।
हेल्थ केम्प में ब्लड शुगर, बीपी, एचआईवी, सिफिलिस, टीबी एवं हेपेटाइटिस बी की स्क्रीनिंग एवं चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित हितग्राहियो को चिकित्सकों द्वारा एचआईवी एवं एड्स, एसटीआई, हेपेटाइटिस एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। केम्प में पोस्टर और लीफलेट के माध्यम से हितग्राहियो को जागरूक किया गया और आईईसी के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। उच्च जोखिम अवस्था वाले हितग्राहियों को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर



किया गया, ताकि उन्हें आगे की जांच और उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। उप स्वास्थ्य केंद्र बादलपार (कुरई) हेल्थ केम्प में 177 हितग्राही एवं संजीवनी क्लीनिक सिवनी में 67 हितग्राहीलाभान्वित हुए। इसके बाद सहायक संचालक मती मोनल सिंह द्वारा आईसीटीसी सेंटर सिवनी, ब्लड बैंक सिवनी,ए.आर.टी.सेंटर सिवनी एवं डीएआरसी का निरीक्षण किया गया।

# जिला शिक्षा अधिकारी के स्टॉफ द्वारा 11 सेट डेस्क गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासकीय शालाओं के बच्चों के बैठने हेतु जिला कलेक्टर महोदया द्वारा गिफ्ट अ डेस्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत स्टॉफ ने आपसी सहयोग से 11 सेट डेस्क-बेंच शास. उन्न. माध्य. शाला पलारी में गिफ्ट दी हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरेए आर. आर. मेहता सहायक संचालकए आर.पी. पाटिल सहायक संचालकए संजीव राय एपीसी तथा मुख्यलिपिक एच. आर. कंगाले सहित जिला कार्यालय का पूरा



स्टॉफ आज प्रातः 11 बजे उन्नयन माध्य.शाला पलारी में उपस्थित हुएए यहाँ बीआरसीसी अरुण राय जनशिक्षक मुकेश नेमार मती अनिता झारिया एवं शाला स्टॉफ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया जिसमें बच्चों को मिष्ठान वितरण कराया गयाए उपस्थित नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में सरस्वती वंदनाए प्रेरक कहानीए पहाड़े आदि सुनाए। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश तिवारी शिक्षक द्वारा किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने उद्बोधन के दौरान बताया कि जब वे गृह ग्राम के शासकीय स्कूल में अध्ययन के लिये जाते थे तो अपने साथ बैठने के लिये बोरे की विछायत साथ ले कर जाते थे। अत्यंत ही हर्ष की बात हैं कि आज कलेक्टर महोदया की प्रेरणा से जिले के सभी शालाओं में बच्चों के बैठने के लिये फर्नीचर उपलब्ध हो रहा है। सभी वर्ग के लोग बढ़-चढ़ कर इस अभियान में भाग ले रहे हैं। शालाओं में फर्नीचर आने से बच्चों एवं शिक्षको में भी उत्साह का माहौल बन गया है। बच्चों को भी नियमित रूप से स्कूल आने तथा पढाई करने हेतु प्रेरणा दी।

### बड़े माफियाओं का हाथ, फैला रखा है मकडजाल

# कार्डधारकों से विक्रेता ही खरीद रहे राशन!

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

नगर मुख्यालय से लगी हुई ग्राम पंचायत अमोली में शासकीय राशन दुकान से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को एक साथ तीन महीनो का राशन प्रदाय किया जा रहा है जहां से कुछ जागरूक ग्रामीणजनों ने मीडिया से शिकायत करते हुए बताया कि विक्रेता द्वारा ही अपने रिश्तेदारों से राशन की खरीदी करवाई जा रही है ।विक्रेता पहले ही कार्डधारकों से पूछ लेता है कि आपको राशन चाहिए या पैसा। और औने -पौने दम पर पीडीएस का चावल खरीद कर मालामाल हो रहा है। यह समस्या केवल अमोली की नहीं है बल्कि




मानपुर ,पाँढरवानी सहित क्षेत्र के अनेको दुकानों की है। जहां पर विक्रेता बांटने और खरीदने का कार्य कर रहे है लेकिन प्रशासन का ध्यान इस ओर है ही नहीं । इस कार्य में बड़ी भूमिका बड़े राशन माफिया निभा रहे हैं जिनके द्वारा सरेआम पीडीएस का अनाज खरीद कर बेचा जा रहा है इन्होंने अपना मकडजाल इस तरीके से फैलाया है कि विक्रेता ही अनाज खरीद कर इन्हें बेच रहे हैं जो ट्रकों में लोड करके बड़े व्यापारी को बेच देते हैं बताया तो यह भी जा रहा है कि यही राशन पुनः शासकीय की दुकानों में पहुंच जाता है जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को बांट दिया जाता है और फिर से वही प्रक्रिया चालू हो जाती है ।फिलहाल लालबर्रा नगर मुख्यालय में गुजरी चौक में एक सिवनी रोड पर एक ऐसे बड़े माफिया है जो राशन की कालाबाजारी में लिप्त है जिन पर तहसील मुख्यालय होने के बाद भी आज दिनांक तक कोई कार्यवाही ना होना आपसी मिली भगत की ओर इशारा समझ में आ रहा है।

#### इनका कहना है

राशन दुकान के सेल्समैन द्वारा अपने चित परिचितों को उनकी मर्जी के अनुसार गेहूं चावल का वितरण किया जाता है और अपने रिश्तेदारों के द्वारा गैर कानूनी तरीके से राशन की खरीदी करवाई जा रही है जिसकी शिकायत मेरे द्वारा कलेक्टर महोदय से की जाएगी।

**मुकेश कावरे, ग्रामीण, अमोली**

शासकीय राशन दुकान में कालाबाजारी चरम सीमा पर पहुंच गई है विक्रेता ही राशन बाटता है और अपने रिश्तेदारों से खरीदी करवा लेता है जिसकी जांच होनी चाहिए।

**रामकिशोर पंचेश्वर, ग्रामीण, अमोली**

## कल निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा



### जगह-जगह की जाएगी पुष्पवर्षा, यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पहली बार जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा 30 जून को नए श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

रथ यात्रा का मार्ग आंबेडकर चौक से शुरू होकर काली पुतली चौक, गुजरी चौक, महावीर चौक और हनुमान चौक होते हुए सिंधु भवन तक जाएगा। रथ को उज्जैन से मंगवाया जा रहा है। सिंधु भवन में भगवान को 56 भोग का नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद महाआरती और जगन्नाथ कथा का आयोजन होगा।

इस्कॉन संस्था के संचालक रत्नभूषण दास के अनुसार, भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ यात्रा में विराजमान होंगे। इंदौर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, सिवनी सहित अन्य जिलों से 50 भक्त यात्रा में शामिल होंगे।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एम. शरणागत ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन से कष्टों का निवारण होता है। कार्यक्रम की बैठक में जिला पंचायत की पूर्व प्रधान रेखा बिसेन, समाजसेवी अभय सेठिया, महिला नेत्री लता एलकर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 15 हितग्राहियों को नगद अंत्येष्टि सहायता राशि भेंट

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा में गत दिवस छेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं अतिथियों के द्वारा ग्राम पंचायत के पन्द्रह हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि के 75 हजार रुपये नगद वितरित किए गए उक्ताशय की जानकारी देते हुए लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की योजना अंतर्गत मृतक के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता योजना से पाँच हजार रुपये प्रदान किये जाते हैं इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत के 15 पात्र हितग्राहियों को शासन से स्वीकृत



राशि विधायक अनुभा मुंजारे समाज सेवी सोहन वैध , अभय सेठिया , श्री भंसाली के हस्ते ग्राम के हितग्राहियों मीना पड़वार, जरीना खान, कविता यादव, विजय पंचेश्वर, .नेहा फुंडेकर, निम्मी गोलेन्द्र, संजीदा खान, निशा गौतम, सोफिया, साजन बाई, अरशद खान, सीता कुशमारे, पीयूष मोहबे, सोनिका आश्वले, विद्या मात्रे को राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा श्री मण्डलोई सहित, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, व समस्त स्टॉप उपस्तिथ रहे।

### सर्पदंश के प्रति जागरूकता के लिए गढ़ी में लगाया गया शिविर

**बालाघाट।** वर्षा ऋतु के दिनों में होने वाली सर्पदंश की घटनाओं की रोकथाम केलिए कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर बालाघाट जिले में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बैहर तहसील के ग्राम गढ़ी में एसडीएम श्री श्री अर्पित गुप्ता के नेतृत्व में जागरूकता का शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में सभी कोटवार एवं वनरक्षकों को प्रशिक्षित किया गया । शिविर में ग्राम के पारंपरिक झाड़-फूंक आदि करने वाले एवं स्थानीय चिकित्सकों को भी आमंत्रित किया गया । शिविर में एस.डी.एम.बैहर श्री गुप्ता द्वारा झाड़-फूंक आदि करने वाले एवं अन्य चिकित्सकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सर्पदंश की किसी भी घटना में मरीज को देरी किये बगैर तुरंत समीप के अस्पताल भेजा जाए एवं संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ से संपर्क कर उन्हें इसकी जानकारी दी जाए। यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु गलत इलाज या देरी की वजह से होती है, तो संबंधित सभी व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एस.डी.एम. श्री गुप्ता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी में आशा कार्यकर्त्ताओं की पृथक से बैठक ली गई एवं उन्हें भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सर्पदंश की किसी भी घटना में लापरवाही पाये जाने पर सभी जिम्मेदार व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में अब तक 101 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 28 जून 2025 तक 101 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 61 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 28 जून को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 20 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

# बफर जोन के अधिकारियों पर ग्रामीणों ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

समनापुर बफर जोन के अंतर्गत ग्राम पण्ड्रापानी जो बैहर तहसील का एक गांव हैं, जिसमें वन विभाग ने ग्रामीणों के साथ ईको विकास समिती बनाई और मिलकर काम करती हैं। लेकिन पण्ड्रापानी के ग्रामीणों ने बफर जोन के अधिकारियों पर प्रताडन्ना का आरोप लगाते हुए अब ईको विकास समिती को भंग करने का फैसला लिया हैं। उनका कहना हैं कि वन अधिकारी ग्रामीणों से पैसा वसूली करते हैं पैसा नहीं देने पर जेल भेजने की धमकी देते हैं ऐसे में हमने ये फैसला लिया हैं और समिति अध्यक्ष मंजुलता उइके, उपाध्यक्ष एंव सदस्य कुल 18 लोगों ने हस्ताक्षर कर आवेदन परिक्षेत्र अधिकारी को दिया गया हैं।जानकारी अनुसार, 25 जून को तीजू पन्द्रे, कुवर सिंह पन्द्रे, बुद्दु पन्द्रे और धीरसिंह पन्द्रे सभी पण्ड्रापानी निवासी हैं, जिनको वन परिक्षेत्र समनापुर बफर जोन के अधिकारियों के द्वारा वन्यप्राणी के शिकार मामले में लम्बित मामले में पकड़ा गया, जिसके बाद कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया। वहीं ग्रामीणों का आरोप हैं कि इन चार आरोपियों से शिवकुमार यादव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी



पण्ड्रापानी एवं धनश्याम भलावे वन रक्षक बहेराभाट के द्वारा रूपये की मांग की गई, जिसके बाद 27 जून को ग्राम पण्ड्रापानी में बैठक रखी गई, जिसमें ईको विकास समिति सहायक परिक्षेत्र पण्ड्रापानी समनापुर बफर जोन रिर्जव टाईगर मंडला के कर्मचारियों के द्वारा ग्राम ईको विकास समिती की बगैर सहमति लिये अपने मनमर्जी से कोई भी कार्य को करना एवं ग्राम के लोगों को छोटी-छोटी गतिविधियों को लेकर धमकाना-चमकाना, गाली गल्लौच करना, ग्राम के लोगों के द्वारा गलतियों को लेकर पैसे वसूली करना जैसे गंभीर आरोप लगाये गए। इन्हीं बातों को लेकर इको विकास समिति के समस्त सदस्य, अध्यक्ष एवं सभी ग्रामवासियों ने 27 जून को समिति पण्ड्रापानी को तत्काल भंग करने का फैसला लिया है।




#### क्या हैं इको विकास समिति

इको विकास समिति एक प्रकार की ग्रामीण-स्तरीय समिति है जो राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के आसपास के क्षेत्रों (बफर जोन) में जैव विविधता के संरक्षण और स्थानीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए बनाई जाती हैं। ये समितियां वन विभाग के साथ मिलकर काम करती हैं और वनों के संरक्षण, वनीकरण और पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

#### इनका कहना हैं

27 जून को गांव में बैठक रखा गया, जिसमें वनकर्मियों को बुलवाया गया लेकिन कोई नहीं पहुंचे, कई बार समिति की बैठक होती हैं पर कोई भी वन विभाग का अधिकारी नहीं पहुंचता हैं। ईको विकास समिति के साथ वनकर्मियों का व्यवहार सहीं नहीं हैं हमेशा गाली-गल्लौच करते रहते हैं। गांव के चार लोगों को वन विभाग ने जेल भेज दिया और उनसे पैसा भी लिया गया। जिसको लेकर समनापुर वन परिक्षेत्र अधिकारी के कार्यालय दर्जनों ग्रामीण आक्रोशित होकर पहुंचे, जहां रेंजर ने आश्वासन दिया हैं कि जांच की जायेगी। जब से एसडीओं अजय ठाकुर, डिप्टी शिवकुमार यादव, बिटगार्ड धनश्याम भलावी समनापुर रेंज में पदस्थ हैं तभी से ऐसा हो रहा हैं। इन्ही के व्यवहार के चलते इको विकास समिति को भंग करने का फैसला लिया गया हैं। जिसका आवेदन भी परिक्षेत्र अधिकारी को दिया हैं।

**अर्जुन सिंह धुर्वे, सदस्य, ईको विकास समिति पण्ड्रापानी**

2022 में इन चारों आरोपियों के द्वारा वन्यप्राणी का शिकार के लिए तार लगाए थे, इसी मामले में फरार चल रहें थे जहां उन्हे पकडक़र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया। पैसा लेने का जो आरोप लगाया जा रहा हैं वह बेबुनियाद हैं, और ईको विकास समिति पण्ड्रापानी को भंग किया गया हैं तो समिति उसका कारण भी बतायेगीं।

**शिवकुमार यादव सहा.परिक्षेत्र अधिकारी, समनापुर**

## ग्राम पंचायत सचिव भालेराव के स्थानांतरण होने पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के ग्राम पंचायत बड़गांव के सचिव विनोद भालेराव के बैहर जनपद पंचायत के आमगहन ग्राम पंचायत स्थानांतरण होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।इस मौके पर सचिव को श्रीफल पुष्प गुच्छ और शॉल भेंट की गई। कार्यक्रम में सचिव ने कहा कि ग्राम पंचायत पंचायत बड़गांव के अपने कार्यकाल में शत प्रतिशत लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाया। ग्राम पंचायत बड़गांव के सचिव विनोद भालेराव ने सहायक सचिव अरूण कोशरे को अपना प्रभार सरपंच उपसरपंच पंचों व ग्रामीणों के बीच सोंपा इस विदाई समारोह के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़गांव में वृक्षारोपण जिसमें जामुन, आम, पीपल,नीम और भी अन्य प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच श्रीमती कृष्णा/परसराम गुरबेले, सरपंच पति परशराम गुरबेले, उप सरपंच ओम प्रकाश बिरनवार ,पंच श्रीमती अनीता लिल्हारे, समला पिछोड़े, पुष्पा कुशराम ,डिलेश्वरी सिहोरे ,तिलोका चौधरी, गीता रनगिरे, कल्पना चौधरी, माया नायक, धनेंद्र पटले, पूरनलाल काटेवार, अरुण कोशरे प्रभारी सचिव व गांव के अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### छोटे किसानों को मनरेगा योजना से जोड़ने पर विचार करें सरकार- चौधरी

## जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** प्रदेश में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिये 30 मार्च से शुरू किए गए 'जल गंगा संवर्धन अभियान' का जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में 28 जून को सेक्टर स्तरीय समापन समारोह का आयोजन किया गया. जनपद पंचायत सदस्य पूरन लाल चौधरी की अध्यक्षता में समापन समारोह का आयोजन हुआ. समारोह में ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा के अलावा लोहमारा, बाहकल, उजाड़बोपली, चिचगांव, सिंगोड़ी, कोड़मी, नवेगांव, सीताखोह, कोहका, वरूड़ के सरपंच- सचिव और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के परामर्शदाता अरविंद दरवड़े, दयावंती आचरे, चन्द्रकांता देवारे और प्रस्फुटन समिति से धनेन्द्र चौधरी मौजूद रहे. ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा सरपंच ने बताया कि अभियान के दौरान पंचायत में 05 तालाबों का निर्माण किया गया. पूरनलाल चौधरी ने कहा कि सरकार को छोटे किसान जिनके पास ढाई एकड़ से 05 एकड़ तक की कृषि भूमि है उन्हें मनरेगा योजना से जोड़ने पर विचार करना चाहिए तभी किसान अपने खेतों में खेत तालाब का मनरेगा योजना से निर्माण करवा सकेगें. उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के सरपंचों के द्वारा समय-समय पर सरकार से यह मांग की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से पूरे प्रदेश में शासन और समाज के सहयोग से चलाया गया. ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में इस समापन समारोह का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों और इसके जरिए हुए कार्यों के लाभों को जन-जन तक पहुँचाना था. साथ ही नागरिकों से मिले सुझावों के आधार पर भविष्य की नीतियों में सुधार करना और जनप्रतिनिधियों, जलदूतों व स्थानीय नागरिकों को आगे की योजनाओं में सहभागी बनाना भी इसका अहम हिस्सा रहा. अभियान समापन के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर पौधारोपण भी किया।

## 6 जून से 30 सितबंर तक जल जीवों के आखेट पर लगा है प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज लांजी।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक लांजी ने बताया कि पुरी दुनिया में जल जीवों को बचाने के लिये 6 जून से 30 सितंबर तक मच्छलियों के आखेट तथा नदी नालों, समुद्रो से रेत मिट्टी के उत्खनन पर प्रतिबंध लगाने अधिसूचना जारी कर दी है। भारत में भी सभी राज्यों एवं 786 जिलों में अधिसूचना जारी कर दी गई। किन्तु बालाघाट जिले में यह अधिसूचना अब तक जारी नही कि गई है। मत्स्य विभाग एवं जलवायू / पर्यावरण चिभाग यह अधिसूचना जारी करता है। जिसके कारण बालाघाट जिले में नदी नालों मे से रेत का अवैध खनन, रेत की निकासी बडे पैमाने मे जारी है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित प्राधीकरण तथा पर्यावरण एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय के दिशा निर्देश पर हर जिले बनाई गई एसटीएफ जिसमें राजस्व, पुलिस, वन विभाग, खनिज विभाग के अधिकारी इस एसटीएफ दल का हिस्सा रहते है जिनका हेड जिले में कलेक्टर होता है। पिछले 5 वर्षो में बालाघाट में यह एसटीएफ दल निष्क्रीय पड़ा हुआ है। इन पूरे मामले में कलेक्टर बालाघाट को तत्काल ध्यान देना चाहिये। एसटीएफ की बैठक तत्काल बुलानी चाहिये, केन्द्र सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देश के आधार पर बनाई गई यह एसटीएफ दल अवैध रेत के उत्खनन पर पूरी तरह से असफल है

### जनपद की सामान्य सभा की बैठक में अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जप सदस्य ने जताई नाराजगी

## प्रशासनिक अधिकारी पंचायत अधिनियम की उड़ा रहे धज्जियां: टूमन घोरमारे

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत 27 जून को जनपद के सभागार में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आधे से अधिक विभागीय प्रमुख जनपद की सामान्य सभा की बैठक को महत्वहीन समझते हुए अनुपस्थित रहें। जिसके कारण जनपद सदस्यों में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति नाराज़गी दिखाई दे रही हैं। जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का मुख्य कार्य विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा करना, उन्हें मंजूरी देना, और उनके कार्यान्वयन की निगरानी करना है। क्षेत्र के विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाता है। क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा महत्वपूर्ण मुद्दों सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाती हैं। लेकिन इस बैठक में अधिकांश विभागीय प्रमुख ही नदारद रहते हैं या कुछ अपने प्रतिनिधियों को भेज देते हैं, जिनके जवाब से विभाग के विकास कार्यों की क्षेत्र में जमीनी स्तर पर स्पष्ट भूमिका नज़र नहीं आती। यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं की जनपद पंचायत



अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक एक औपचारिकता मात्र रह जावेगी। जिससे क्षेत्र की जनता ख़ुद को विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ठगा हुआ महसूस करेगी।

जनपद सदस्य टूमनलाल घोरमारे द्वारा बताया गया कि लगभग 3 वर्ष पूर्ण होने को आ रहे हैं, लेकिन आज तक लगभग 23 विभागों के विभागीय प्रमुख कभी भी पूर्ण रूप से उपस्थित नहीं रहें। इन प्रशासनिक अधिकारियों की जनप्रतिनिधियों व जनता के प्रति घोर लापरवाही निंदनीय हैं। जबकि विगत बैठक के लगभग 4 माह बाद अभी सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई इसमें भी आधे से कम विभागीय प्रमुख उपस्थित रहे। जो कि क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय हैं। जिससे विभागीय कार्यों की समीक्षा व क्रियान्वयन नज़र नहीं आ रहा। प्रशासनिक अधिकारी पंचायत अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे एवं जनप्रतिनिधियों को ताक पर रखते हुए विकास कार्यों को लेकर जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass & Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस | माईनिंग | सिविल | इलेक्ट्रिकल | मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111